# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033
दूरभाष क्रमांक: 0755–2678855 फैक्स क्रमांक : 0755– 2678837


क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2015 / 3004 भोपाल दिनांक 02/12/2015

प्रति,

प्राचार्य / संचालक / डायरेक्टर,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त इंजी / फार्मेसी / आर्कि. महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय : संस्था स्तर पर एक परीक्षा परामर्श प्रकोष्ठ के गठन बावत् ।

—00—

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2015–16 की शीतकालीन सेमेस्टर्स की परीक्षायें दिनांक 11 दिसम्बर 2015 से प्रारंभ हो रही है। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाओं से संबंधित अधिकतर कार्य ऑनलाईन संपादित कराये जाते हैं। छात्रों को परीक्षा संबन्धी कई समस्यायें आती है, उदाहरणार्थ आंतरिक / वाह्य मूल्यांकन के नियमों का ज्ञान नही होना, परीक्षा फार्म भरने की समस्या, उनकी पात्रता की समस्या, स्नातकोत्तर के पैनल इत्यादि की समस्या, परीक्षा के उपरांत अपनायी जाने वाली प्रक्रिया यथा पुर्नमूल्यांकन / पुर्नगणना इत्यादि के नियमों के बारे में समुचित जानकारी नही होने के कारण अक्सर छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय आना पड़ता है। छात्रों की परीक्षा संबन्धी उपरलिखित समस्याओं के निराकरण हेतु यह आवश्यक है कि संस्था स्तर पर एक पृथक परीक्षा परामर्श प्रकोष्ठ का गठन किया जावे। इसमें संस्थाऐं एक वरिष्ठ फेकल्टी के मार्गदर्शन में कम से कम दो तृतीय वर्ग के कर्मचारी पदस्थ करें तथा इसकी जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता को भी उपलब्ध करावें। परीक्षा परामर्श प्रकोष्ठ में परीक्षा से संबंधित विश्वविद्यालय के अधिनियमों (ऑर्डिनेन्श) की प्रतिलिपि एवं समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये नियमों एवं निर्देशों की छायाप्रति भी रखें एवं विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध निर्देशों को विद्यार्थियों को संस्था में ही अवगत करावें। जिससे छात्र / छात्राओं को परीक्षा संबन्धी समस्या का समाधान मिल सके तथा उन्हें विश्वविद्यालय नही आना पड़े। इस परीक्षा परामर्श प्रकोष्ठ में छात्रों की परीक्षा संबंधी समस्या के निराकरण हेतु उनसे आवेदन "प्रपत्र–स" में प्राप्त करें एवं परीक्षा परामर्श प्रकोष्ठ के किसी एक प्रतिनिधि द्वारा इन प्रपत्रों को लेकर विश्वविद्यालय के परीक्षा प्रभाग में सेक्शन आफिसर (परीक्षा) के पास भेजें। जिससे आपकी संस्था के इन सभी छात्रों की समस्या का निराकरण कम से कम समय में सुगम तरीके से संभव हो सके तथा उन्हें विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में अनावश्यक रूप से नही आना पड़े। एकाकी आधार पर छात्रों की परीक्षा संबन्धी समस्या के निराकरण में अत्यधिक समय लगने के कारण कई बार समस्या का निराकरण संभव नही हो पाता है ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित,

02-XII-15

(डॉ0 मोहन सेन)
परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

पृ0क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2015 / भोपाल दिनांक

प्रतिलिपि :—

1. स्टाफ आफीसर, माननीय कुलपति कार्यालय, की ओर इस आशय के साथ कि पत्र के संदर्भ से माननीय कुलपति जी को अवगत कराना चाहें ।
2. कुलसचिव, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल को सूचनार्थ ।
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल ।
4. सेक्शन आफीसर (परीक्षा), राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल ।

(डॉ0 मोहन सेन)
परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल